इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 38] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 18 सितम्बर 2015—भाद्र 27, शक 1937

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल
भोपाल, दिनांक 20 अगस्त 2015

क्र. ई-1-316-2015-5-एक.—डॉ. पंकज जैन, भाप्रसे (2012), अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुलताई, जिला बैतूल को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डबरा जिला ग्वालियर पदस्थ किया जाता है.

क्र. ई-5-620-आयएएस-लीव-5-एक—(1) श्रीमती नीलम शमी राव, आयएएस., प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, भोपाल को समसंख्यक आदेश दिनांक 25 जून 2015 द्वारा दिनांक 24 अगस्त से 10 सितम्बर 2015 तक अठारह दिन का चाइल्ड केयर लीव स्वीकृत किया गया है, में संशोधन करते हुए अब उन्हें निम्नानुसार अवकाश स्वीकृत किया जाता है:—

1. दिनांक 17 से 22 अगस्त 2015 तक, छः दिन, अर्जित अवकाश.
2. दिनांक 1 से 17 सितम्बर 2015 तक सत्रह दिन, चाईल्ड केयर लीव.

(2) श्रीमती नीलम शमी राव, आयएएस के अवकाश अर्जित अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्रीमती भारती ओगरे, महाप्रबंधक, मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज तथा चाईल्ड केयर लीव अवधि में उनका प्रभार डॉ. मनोहर अगनानी, भाप्रसे आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, मध्यप्रदेश को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2015.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती नीमल शमी राव को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती नीलम शमी राव द्वारा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती भारती ओगरे/डॉ. मनोहर अगनानी उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती नीलम शमी राव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती नीलम शमी राव अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

क्र. ई-1-6-2009-5-एक.—श्री सुरेन्द्र कुमार उपाध्याय, भाप्रसे (2000), अपर आयुक्त (राजस्व), जबलपुर संभाग जबलपुर को भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली की अधिसूचना क्रमांक 14015-13-2009-AIS (I)-B, दिनांक 1 अगस्त 2011 से भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्त हुए हैं. कार्मिक और प्रशिक्षण की अधिसूचना क्रमांक 14014-03-2007-AIS-I, दिनांक 20 अप्रैल 2012 से उन्हें आवंटन वर्ष 2002 प्रदान किया गया था. कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के आदेश क्रमांक 14014-3-2007-AIS -I, दिनांक 24 अप्रैल 2015 से अब उन्हें आवंटन वर्ष 2002 के स्थान पर आवंटन वर्ष 2000 आवंटित किया गया. आवंटन वर्ष 2000 के आधार पर श्री उपाध्याय द्वारा भाप्रसे में 9 वर्ष की सेवा दिनांक 1 जनवरी 2009 को पूर्ण ली गई हैं, और उन्हें कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (JAG) की पात्रता उद्‌भूत हो गई है. तथापि चूंकि भाप्रसे में उनकी वास्तविक रूप से नियुक्ति दिनांक 1 अगस्त 2011 को हुई है और चूंकि दिनांक 1 जनवरी 2009 की स्थिति में श्री उपाध्याय भाप्रसे से नियुक्त ही नहीं हुए थे, अत: श्री उपाध्याय को उनकी भाप्रसे में नियुक्ति दिनांक 1 अगस्त 2011 से भा. प्र. से. (वेतन) नियमावली, 2007 के नियम-3(I) के अन्तर्गत नोशनल रूप से कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान-बैण्ड पे (रुपये 15,600-39,100+ग्रेड पे 7,600) स्वीकृत किया जाता है.

क्र. ई-1-157-2011-5-एक.—श्री रमेश एस. थेटे, भाप्रसे. (1993) तत्कालीन संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण, जबलपुर मप्र को लोकायुक्त संगठन की विशेष पुलिस स्थापना द्वारा दिनांक 18 फरवरी 2002 को श्री एन. आर. बोरले, प्रभारी प्राचार्य, आई. टी. आई. बैतूल से रुपये 1.00 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े जाने के आधार पर इनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 46/2002 दर्ज किया गया था. श्री थेटे को दिनांक 20 फरवरी 2002 को निलंबित किया गया तथा बाद में शासन आदेश दिनांक 25 जुलाई 2003 से इन्हें बहाल किया गया. इस प्रकरण में भारत सरकार की अभियोजन स्वीकृति उपरांत माननीय विशेष न्यायालय, भोपाल में दिनांक 18 फरवरी 2005 को चालान प्रस्तुत किये जाने पर श्री थेटे को दिनांक 23 फरवरी 2005 से अभासे (अनुशासन तथा अपील) नियम 1969 के नियम (3)3 के अन्तर्गत पुन: निलंबित किया गया था. उक्त अपराध प्रकरण से उद्‌भूत विशेष प्रकरण क्रमांक 6/2005 में माननीय विशेष न्यायालय, भोपाल द्वारा दिनांक 12 अप्रैल 2007 को पारित आदेश से श्री थेटे को दोषसिद्ध पाये जाने से उपरोक्त नियमों के नियम 14(1) के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा भेजे गये प्रस्ताव दिनांक 25 जुलाई 2007 के अनुक्रम में भारत सरकार द्वारा संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श उपरांत श्री थेटे को आदेश दिनांक 29 जनवरी 2008 से सेवा से बर्खास्त किया गया. सेवा से बर्खास्तगी के समय श्री थेटे वरिष्ठ वेतनमान में निलंबनाधीन थे. श्री थेटे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर में दायर की गई क्रिमिनल अपील क्रमांक 865/2007 में पारित निर्णय दिनांक 21 दिसम्बर 2009 से अधीनस्थ न्यायालय द्वारा उनके विरुद्ध दिये गये दोषसिद्धि एवं दण्ड संबंधी निर्णय को अपास्त करते हुए श्री थेटे को दोषमुक्त किया गया. उक्त निर्णय के विरुद्ध मप्र शासन द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय में दायर एसएलपी माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 19 मार्च 2010 को अपास्त किये जाने के परिपेक्ष्य में भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा श्री रमेश एस. थेटे, भाप्रसे. (1993) की सेवा से की गई बर्खास्तगी संबंधी आदेश दिनांक 29 जनवरी 2008 तो तत्काल प्रभाव से वापस लिये जाने के आदेश दिनांक 2 मई 2011 को जारी किये गये और अनुवर्ती कारवाई करने के निर्देश दिये गए. श्री थेटे ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी उपरोक्त आदेश दिनांक 2 मई 2013 के अनुक्रम में उन्हें सभी अनुशांगिक लाभ दिए जाने का अनुरोध किया. श्री थेटे को साप्रवि के आदेश दिनांक 30 जून 2011 द्वारा दिनांक 1 जनवरी 2002 से कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड स्वीकृत किए जाने संबंधी आदेश जारी किये गये.

(2) मध्यप्रदेश संवर्ग के आवंटन वर्ष 1993 के भाप्रसे अधिकारियों को दिनांक 1 जनवरी 2006 से प्रवर श्रेणी वेतनमान दिया जा चुका है. अत: श्री रमेश एस. थेटे को उपरोक्त उल्लेखित आदेशों के अनुक्रम में दिनांक 1 जनवरी 2006 से प्रवर श्रेणी वेतनमान देने पर विचार करने की कार्यवाही प्रारंभ की गई.

(3) तत्समय श्री रमेश एस. थेटे के सेवा में आने के पश्चात् दो वर्ष की प्रशिक्षण अवधि को छोड़कर वर्ष 1995 से वर्ष 2002 तक के गोपनीय प्रतिवेदन ही उपलब्ध थे. निलंबन एवं सेवा से बर्खास्तगी के कारण उनके वर्ष 2003 से 2010 तक की अवधि के गोपनीय प्रतिवेदन नहीं लिखे जा सके थे. ऐसी स्थिति में श्री थेटे को प्रवर श्रेणी वेतनमान देने के बारे में किस प्रकार विचारण किया जाए, इस संबंध में भारत सरकार से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया गया. भारत सरकार के पत्र दिनांक 27 जुलाई 2011 से यह मत दिया गया कि भाप्रसे अधिकारियों की पदोन्नति के संबंध में जारी दिशा निर्देश दिनांक 28 मार्च 2000 के अनुसार विभिन्न ग्रेड में पदोन्नति

के लिए नियत छानबीन समिति विचारक्षेत्र में आने वाले अधिकारियों के पर्याप्त अवधि के गोपनीय प्रतिवेदन विचार में लेगी, किन्तु किन्हीं कारणों से किसी अधिकारी के गोपनीय प्रतिवेदन नहीं लिखे जा सके हों, तो उपलब्ध गोपनीय प्रतिवेदन के आधार पर विभिन्न ग्रेड में पदोन्नति के लिए विचार किया जावेगा.

(4) इस बीच और श्री थेटे को कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड स्वीकृत हो जाने के उपरांत राज्य शासन से संज्ञान के यह तथ्य आया कि लोकायुक्त संगठन की विशेष पुलिस स्थापना को श्री रमेश थेटे द्वारा आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक अनुपातहीन संपत्ति अर्जित करने के बारे में सूचना प्राप्त होने पर श्री थेटे के विरुद्ध अपराध क्रमांक 0/02 अन्तर्गत धारा 13(1)(ई), 13(2) पी.सी. एक्ट, 1988 पंजीबद्ध कर दिनांक 18 मार्च 2002 को श्री थेटे के जबलपुर स्थित शासकीय आवास गृह एवं अन्य स्थानों की तलाशी की कार्यवाही कर अपराध क्रमांक 68/02 पंजीबद्ध कर विवेचना की गई है और विवेचना के दौरान अपराध सिद्ध पाए जाने पर इस अपराध से उद्भूत विशेष न्यायालय, जबलपुर के विशेष प्रकरण क्रमांक 3/2009, 4/2009, 5/2009, 6/2009, 7/2009, 8/2009, 9/2009 एवं 10/2009 (कुल 8 प्रकरण), जो अनुपातहीन, संपत्ति अर्जित करने और ऋण चुकाने की पर्याप्त क्षमता न होते हुए भी विभिन्न बैंकों से पर्सनल लोन लेने, चैक बाउंस होने आदि से संबंधित हैं, में श्री थेटे के विरुद्ध माननीय विशेष न्यायालय, जबलपुर के समक्ष चालान प्रस्तुत किए जा चुके हैं और विभिन्न एम.सी.सी. दर्ज हैं. इस प्रकार श्री थेटे का प्रकरण भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के पदोन्नति संबंधी मार्गदर्शी निर्देश दिनांक 28 मार्च 2000 के अनुलग्नक II के पद 4.3 की कंडिका 11.1 (सी) की परिधि में आने से श्री थेटे की संनिष्ठा प्रमाणित नहीं की गई और समग्र विवरण सहित श्री रमेश एस. थेटे का प्रकरण प्रवर श्रेणी वेतनमान दिए जाने के संबंध में उपयुक्तता निर्धारण हेतु दिनांक 7 सितम्बर 2011 को छानबीन समिति के समक्ष रखा गया.

समिति ने यह पाया कि श्री रमेश एस. थेटे के विरुद्ध प्रचलित प्रकरण भारत सरकार के मार्गदर्शी निर्देशों के लंबित अनुशासनात्मक कार्यवाही के मामलों की श्रेणी में आता है, अतः समिति ने श्री थेटे के रिकार्ड के समग्र मूल्यांकन के आधार पर प्रवर श्रेणी वेतनमान में श्री थेटे की पदोन्नति की उपयुक्तता के संबंध में अपनी अनुशंसा को सीलबंद लिफाफे में रखने का निर्णय लिया.

(5) आवंटन वर्ष 2000 के अधिकारियों की प्रवर श्रेणी वेतनमान में पदोन्नति हेतु उपयुक्तता निर्धारण के लिये छानबीन समिति की बैठक दिनांक 31 जनवरी 2013 के समय श्री रमेश एस. थेटे (भाप्रसे) (1993) के नाम पर भी विचार किया गया और ऊपर उल्लेखित 08 प्रकरणों में श्री थेटे के आपराधिक अभियोजन के संबंध में माननीय विशेष न्यायालय, जबलपुर और माननीय विशेष न्यायालय, भोपाल द्वारा विशेष पुलिस स्थापना के चालानों का संज्ञान लिए जाने और ये प्रकरण न्यायालय के समक्ष लंबित होने से श्री थेटे का प्रकरण भारत सरकार के पदोन्नति संबंधी ऊपर उल्लेखित मार्गदर्शी निर्देशों की परिधि में आने से और उनकी संनिष्ठा प्रमाणित नहीं किए जाने के आलोक में समिति ने श्री थेटे के संबंध में अपनी अनुशंसा सीलबंद लिफाफे में रखने का निर्णय लिया.

(6) राज्य के संज्ञान में यह भी आया है कि विशेष पुलिस स्थापना द्वारा श्री केशव देशपांडे, श्रीमती मंदा थेटे तथा श्री रमेश थेटे एवं अन्य 7 के विरुद्ध अपराध क्रमांक 213/2014 के संदर्भ में माननीय विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम भोपाल के न्यायालय में दिनांक 28 जून 2013 को चालान प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण क्रमांक 10/2013 है. इसके अलावा विशेष पुलिस स्थापना से श्री थेटे के विरुद्ध उनके अपर आयुक्त, उज्जैन संभाग पदस्थ रहने की अवधि में अनियमितताएं करने के आधार पर 25 मामलों में अभियोजन के प्रस्ताव विधि एवं विधायी कार्य विभाग के माध्यम से प्राप्त हुए हैं, जो विचाराधीन हैं.

(7) तथापि जिन 8 मामलों में अभियोजन प्रकरणों के आधार पर उपरोक्तानुसार श्री थेटे के संबंध में अनुशंसा सीलबंद लिफाफे में रखी गई थी, उन सभी में श्री थेटे दोषमुक्त हो चुके हैं. श्री थेटे ने इस आधार पर उन्हें प्रवर श्रेणी वेतनमान प्रदान करने के संबंध में अभ्यावेदन प्रस्तुत किए हैं. इन अभ्यावेदनों में उन्होंने भारत सरकार के ज्ञाप दिनांक 23 जनवरी 2014 और दिल्ली जल बोर्ड विरुद्ध मोहिन्दर सिंह के प्रकरण में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अभिनिर्धारित सिद्धांत का हवाला दिया है.

(8) उल्लेखनीय है कि श्री थेटे से तत्काल कनिष्ठ आवंटन वर्ष 1993 के श्री अनिरूद्ध मुकर्जी के नाम पर प्रवर श्रेणी वेतनमान में उपयुक्तता के निर्धारण के लिये दिनांक 3 जनवरी 2006 को विचार किया गया था. तत्समय श्री थेटे दिनांक 23 फरवरी 2005 से निलंबित थे और उन्हें कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड नहीं मिलने के कारण वे प्रवर श्रेणी वेतनमान में पदोन्नति के लिये अर्ह नहीं थे. फलतः उनके नाम पर उक्त छानबीन समिति द्वारा विचार नहीं किया गया. इस प्रकार श्री थेटे से तत्काल कनिष्ठ अधिकारियों के नामों पर पदोन्नति हेतु विचारण कर उन्हें पदोन्नत करने की कार्यवाही श्री थेटे के संदर्भ में आयोजित उपरोक्त डी.पी.सी. दिनांक 7 सितम्बर 2011 के पूर्व ही संपन्न हो चुकी है.

(9) भारत सरकार के पदोन्नति संबंधी मार्गदर्शी निर्देश दिनांक 28 मार्च 2000 के परिशिष्ट-2 के नियम 18 में सीलबंद लिफाफे संबंधी जो प्रावधान हैं, उनके अनुसार यदि अनुशासनात्मक कार्रवाई/आपराधिक अभियोजन में किसी अधिकारी को पूर्णतः दोषमुक्त किया जाता है तो उसके संदर्भ में बंद लिफाफे में रखी गई अनुशंसाएं खोली जाएंगी. तथापि इसके नियम 21 में यह प्रावधान भी है कि जहां किसी अधिकारी को पदोन्नति का वास्तविक लाभ दिए जाने के

पूर्व इन निर्देशों की कंडिका 11 में अंकित कोई परिस्थिति उद्‌भूत होती है, तो सीलबंद लिफाफे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी. कार्मिक एवं प्रशिक्षण के ज्ञाप दिनांक 23 जनवरी 2014 से उक्त विभाग के पूर्व ज्ञाप दिनांक 2 नवम्बर 2012 और 14 सितम्बर 1992 से प्रसारित निर्देशों के संदर्भ में यह स्पष्ट किया गया है कि "In the case of a review DPC, where a junior has been promoted on the recommendations of the original DPC, the official would be considered for promotion if he/she is clear from vigilance angle on the date of promotion of the junior, even if the provisions of para 2 of DoPT OM dated 14th September 1992 get attracted on the date the actual promotion is considered, as provided in DoPT O.M. No. 22011/2/99-Estt (A) dated 21st November 2002.

In case, where the junior is not promoted, it is to be ensured that the provisions of para 7 of OM dated 14th September 1992 are not attracted on the date the official is being actually promoted."

(10) कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के ज्ञाप दिनांक 2 नवम्बर 2012 के पैरा 9 में यह उल्लेख है कि "For the purpose of vigilance clearance for Review DPC, instructions exist in O.M. No. 22011/2/99-Estt (A) dated 21st November 2002 that review DPC will take into consideration the circumstances obtaining at the time of original DPC and any subsequent situation arising thereafter will not stand in the way of vigilance clearance for review DPC. However, before the officer is actually promoted it needs to be ensured that he/she is clear from vigilance angle and the provision of para 7 of O.M. No. 22011/4/91-Estt (A) dated 14th September 1992 are not attracted".

(11) कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के ज्ञाप दिनांक 14 सितम्बर, 1992 के पैरा 7 में यह उल्लेख है कि "A Government servant, who is recommended for promotion by the Departmental Promotion Committee but in whose case any of the circumstances mentioned in para 2 above arise after the recommendations of the DPC are received but before he is actually promoted, will be considered as if his case had been placed in a sealed cover by the DPC. He shall not be promoted until he is completely exonerated of the charges against him and the provisions contained in this OM will be applicable in his case also."

(12) तथापि भारत सरकार के उपरोक्त ज्ञाप दिनांक 23 जनवरी 2014 और ज्ञाप दिनांक 24 फरवरी 2003 में इस बारे में विशिष्ट उल्लेख नहीं है कि यह निर्देश भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के पदोन्नति संबंधी भारत सरकार के मार्गदर्शी निर्देश दिनांक 28 मार्च 2000 को अधिक्रमित करते हुए जारी किये जा रहे हैं अथवा नहीं. अत: भारत सरकार से इस बारे में मार्गदर्शन चाहा गया कि भारत सरकार के उपरोक्त निर्देश भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के संबंध में लागू हैं अथवा नहीं और श्री थेटे के प्रकरण की विशिष्ट परिस्थितियों को देखते हुए तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों की पदोन्नति संबंधी मार्गदर्शी निर्देशों दिनांक 28 मार्च 2000 के नियम 21 के प्रावधानों के आलोक में श्री थेटे के मामले में सीलबंद लिफाफे में रखी गई अनुशंसा को खोलने और उन्हें पदोन्नत करने की कार्यवाही इस प्रक्रम पर संपादित की जा सकती है अथवा नहीं.

(13) कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के पत्र दिनांक 23 जनवरी, 2014 से यह मार्गदर्शन दिया है कि "the matter has been examined in consultation with the Department of Legal Affairs. You are requested to take action in accordance with the instructions contained in this deprtment's OM No. 22034/4-Esttd. (D-II) dated the 23rd January 2014 which is based on the judgement pronounced by the Hon'ble Supreme Court in the case of Delhi Jal Board Vs Mahinder Singh. Department of Legal Affairs has opined that filing of a charge sheet dated 28th June 2013 agaist Shri Ramesh Thate will not come in the way to give effect to the recommendation of DPC held on 7th September 2011. This issues with the approval of the competent authority."

(14) अत: कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग से प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में श्री रमेश एस. थेटे, भाप्रसे (1993) की प्रवर श्रेणी वेतनमान में पदोन्नति की उपयुक्तता के निर्धारण हेतु दिनांक 7 सितम्बर, 2011 को सम्पन्न छानबीन समिति की बैठक में श्री थेटे की उपयुक्तता के संबंध में सीलबंद लिफाफे में रखी गई अनुशंसा खोली गई है और यह पाया गया है कि समिति ने श्री थेटे को उनके समग्र रिकार्ड के आधार पर प्रवर श्रेणी वेतनमान में पदोन्नति के लिए उपयुक्त पाया है.

(15) कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग से प्राप्त मार्गदर्शन और सीलबंद लिफाफे में रखी गई अनुशंसा खोले जाने पर श्री थेटे को प्रवर श्रेणी वेतनमान में पदोन्नति के लिए उपयुक्त पाया. इसके फलत: श्री थेटे से कनिष्ठ अधिकारी श्री अनिरूद्ध मुकर्जी, भाप्रसे (1993) को दिनांक 1 जनवरी 2006 से प्रवर श्रेणी वेतनमान में पदोन्नति प्रदान की गई है, अत: राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री रमेश एस. थेटे, भाप्रसे (1993) को दिनांक 1 जनवरी 2006 से प्रवर श्रेणी वेतनमान (रुपये 37400-67000+ग्रेड पे 8700) में काल्पनिक पदोन्नति (Notional Promotion) प्रदान करता है. प्रवर श्रेणी वेतनमान में श्री रमेश एस. थेटे का वेतन एवं अन्य स्वत्व काल्पनिक पदोन्नति की तिथि अर्थात् दिनांक 1 जनवरी 2006 से निर्धारित होंगे, किन्तु प्रवर श्रेणी वेतनमान में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि तक उन्हें वेतन भत्तों के एरियर्स की राशि की पात्रता नहीं होगी. प्रवर श्रेणी वेतनमान में पदोन्नति का वास्तविक लाभ उनके द्वारा पदोन्नति उपरांत प्रवर श्रेणी वेतनमान में कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से देय होगा.

(16) कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग से प्राप्त मार्गदर्शन और सीलबंद लिफाफे में रखी गई अनुशंसा खोले जाने पर श्री थेटे को प्रवर श्रेणी वेतनमान में उपयुक्त पाए जाने से राज्य शासन श्री रमेश एस. थेटे, भाप्रसे (1993) को उनसे तत्काल कनिष्ठ अधिकारी श्री अनिरूद्ध मुकर्जी को प्रवर श्रेणी वेतनमान प्रदान किए जाने के दिनांक 1 जनवरी 2006 से उक्त ग्रेड प्रदान करता है.

(17) श्री रमेश एस. थेटे, भाप्रसे (1993), उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग को उक्त तिथि से प्रवर श्रेणी वेतनमान (काल्पनिक पदोन्नति) स्वीकृत किए जाने के फलस्वरूप आदेश प्रसारण तिथि से स्थानापन्न अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग पदस्थ किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 21 अगस्त, 2015

क्र. ई-5-732-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री आकाश त्रिपाठी, आयएएस., प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत् वितरण कंपनी लिमिटेड, इंदौर को स्काडा प्रोजेक्ट के अन्तर्गत (दिनांक 15 से 21 अगस्त 2015 तक) प्रस्तावित नार्वे की विदेश यात्रा के अनुक्रम में दिनांक 21 से 24 अगस्त 2015 तक चार दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री आकाश त्रिपाठी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत् वितरण कंपनी लिमिटेड, इंदौर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री आकाश त्रिपाठी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आकाश त्रिपाठी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-670-आयएएस-लीव-5-एक—(1) श्रीमती अलका उपाध्याय, आयएएस., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल को दिनांक 24 अगस्त से 11 सितम्बर 2015 तक, उन्नीस दिन का एक्स इंडिया चाईल्ड केयर लीव स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती अलका उपाध्याय को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती अलका उपाध्याय को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती अलका उपाध्याय अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

क्र. ई-5-687-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री नीतेश व्यास, आयएएस., आयुक्त, मध्यप्रदेश गृह निर्माण मण्डल तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग को दिनांक 6 से 13 नवम्बर 2015 तक आठ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 15 एवं 15 नवम्बर 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री नीतेश व्यास की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री गुलशन बामरा, भाप्रसे आयुक्त-सह-संचालक, नगर एवं ग्राम निवेश तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कंपनी लिमिटेड, भोपाल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री नीतेश व्यास को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त, मध्यप्रदेश गृह निर्माण मण्डल तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री नीतेश व्यास द्वारा आयुक्त, मध्यप्रदेश गृह निर्माण मण्डल तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री गुलशन बामरा उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री नीतेश व्यास को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री नीतेश व्यास अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-486-आयएएस-लीव-5-एक—(1) श्री विनोद चन्द्र सेमवाल, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग को दिनांक 7 से 11 सितम्बर 2015 तक, पाँच दिन का एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 5, 6 सितम्बर 2015 एवं 12, 13 सितम्बर 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री विनोद चन्द्र सेमवाल की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्रीमती गौरी सिंह, भाप्रसे, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग तथा आयुष विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री विनोद चन्द्र सेमवाल को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री विनोद चन्द्र सेमवाल द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती गौरी सिंह उक्त प्रभार से मुक्त होंगी.

(5) अवकाशकाल में श्री विनोद चन्द्र सेमवाल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री विनोद चन्द्र सेमवाल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-562-आयएएस-लीव-5-एक—(1) श्री जे. एन. कांसोटिया, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग को दिनांक 24 अगस्त से 4 सितम्बर 2015 तक, बारह दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 23 अगस्त 2015 एवं 5, 6 सितम्बर 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री जे. एन. कांसोटिया, की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, भाप्रसे, आयुक्त, महिला सशक्तिकरण, मध्यप्रदेश तथा पदेन प्रबंध संचालक, महिला वित्त एवं विकास निगम को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री जे. एन. कांसोटिया को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न प्रमुख सवि, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री जे. एन. कांसोटिया द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव उक्त प्रभार से मुक्त होंगी.

(5) अवकाशकाल में श्री जे. एन. कांसोटिया को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री जे. एन. कांसोटिया अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 26 अगस्त, 2015

क्र. ई-1-5-2015-5-एक.—भारत सरकार, रेल मंत्रालय के पत्र दिनांक 26 दिसम्बर 2015 के अनुक्रम में श्री अश्विनी लोहानी, IRSME (1980) की सेवाएं इस विभाग के आदेश दिनांक 7 जनवरी 2015 द्वारा पर्यटन विभाग को सौंपते हुए उन्हें अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम तथा आयुक्त, पर्यटन पदस्थ किया गया था.

(2) भारत सरकार,मंत्रिमंडल सचिवालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के पत्र क्रमांक 16(7) EO/2014(ACC), दिनांक 20 अगस्त, 2015 द्वरा श्री अश्विनी लोहानी, IRSME (1980) की नियुक्ति अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एयर इंडिया लिमिटेड के पद पर की गई है.

(3) उक्त आदेश के परिप्रेक्ष्य में श्री अश्विनी लोहानी, IRSME (1980), प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम तथा आयुक्त, पर्यटन की सेवाएं पर्यटन विभाग से वापस लेकर उनकी सेवाएं भारत सरकार, रेल मंत्रालय, नई दिल्ली को सौंपी जाती हैं.

(4) उपरोक्तानुसार श्री अश्विनी लोहानी द्वारा कार्यभार छोड़ने के दिनांक से प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम तथा आयुक्त, पर्यटन का प्रभार श्रीमती वीरा राणा, भाप्रसे (1988), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पर्यटन विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

क्र. ई-5-409-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री एस. आर. मोहन्ती, भाप्रसे, (1982) अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग को दिनांक 25 अगस्त से 4 सितम्बर 2015 तक, ग्यारह दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 5 एवं 6 सितम्बर 2015 के सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री एस. आर. मोहन्ती की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री पी. सी. मीना, भाप्रसे, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री एस. आर. मोहन्ती को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री एस. आर. मोहन्ती द्वारा अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री पी. सी. मीना उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री एस. आर. मोहन्ती को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस. आर. मोहन्ती अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-454-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री बी. पी. सिंह, आयएएस., अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग को दिनांक 25 अगस्त से 4 सितम्बर 2015 तक, ग्यारह दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 5 एवं 6 सितम्बर 2015 के सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री बी. पी. सिंह की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री ए. पी. श्रीवास्तव, भाप्रसे, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री बी. पी. सिंह को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री बी. पी. सिंह द्वारा अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री ए. पी. श्रीवास्तव उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री बी. पी. सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री बी. पी. सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 28 अगस्त, 2015

क्र. ई-5-501-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री बी. आर. नायडू, आयएएस., प्रमुख सचिव, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 6 अगस्त 2015 द्वारा दिनांक 24 अगस्त से 11 सितम्बर 2015, उन्नीस दिन का अर्जित अवकाश, दिनांक 2 एवं 3 अप्रैल 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति के साथ स्वीकृत किया गया था, में आंशिक संशोधन करते हुए अब उन्हें दिनांक 24 अगस्त से 4 सितम्बर 2015 तक, बारह दिन का संशोधित अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. समसंख्यक आदेश दिनांक 06 अगस्त 2015 की शेष कंडिकाएं यथावत रहेंगी.

क्र. ई-5-476-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री दीपक खाण्डेकर, आयएएस., कमिश्नर, जबलपुर संभाग को दिनांक 14 से 26 सितम्बर 2015 तक, तेरह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 12, 13 सितम्बर 2015 एवं 27 सितम्बर 2015 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री दीपक खाण्डेकर की अवकाश अवधि में श्री शिवनारायण रूपला, भाप्रसे, कलेक्टर, जबलपुर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कमिश्नर, जबलपुर का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री दीपक खाण्डेकर, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कमिश्नर, जबलपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री दीपक खाण्डेकर द्वारा कमिश्नर, जबलपुर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री शिवनारायण रूपला, कमिश्नर, जबलपुर के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री दीपक खाण्डेकर को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री दीपक खाण्डेकर अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 31 अगस्त, 2015

क्र. ई-1-40-2014-5-एक.—नीचे तालिका के खाना (2) में दर्शाए भाप्रसे अधिकारियों को मुख्य सचिव वेतनमान में पदोन्नति करते हुए, उनके नाम के समक्ष खाना (3) में दर्शाये गए पद पर अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रूप से पदस्थ किया जाता है:—

क्र.	अधिकारी का नाम तथा वर्तमान पदस्थापना	मुख्य सचिव वेतनमान में पदोन्नति पर पदस्थापना	खाना (3) में अंकित पद असंवर्गीय होने की दशा में संवर्गीय पद जिसके समकक्ष घोषित किया गया है.
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री ए. पी. श्रीवास्तव (1984) प्रमुख सचिव, मध्य-प्रदेश शासन, वन विभाग.	अपर मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन वन विभाग एवं कृषि उत्पादन आयुक्त का अति-रिक्त प्रभार.	अध्यक्ष राजस्व मंडल.
2	श्री पी. सी. मीना (1984) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग.	अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग तथा संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं विकास संस्थान.	अध्यक्ष राजस्व मंडल.

(1)	(2)	(3)	(4)
3	श्री रजनीश वैश (1985) वि.क.अ.-सह-सदस्य (पुनर्वास) नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण तथा उपाध्यक्ष, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण एवं प्रमुख सचिव, मध्य-प्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग (अतिरिक्त प्रभार) तथा प्रबंध संचालक, नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट कंपनी लिमिटेड (एन. बी. पी. सी. एल.) का अतिरिक्त प्रभार.	उपाध्यक्ष, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण तथा पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग एवं प्रबंध संचालक, नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट कंपनी लिमिटेड (एनबीपीसी एल) का अतिरिक्त प्रभार.	-

(2) श्री अजय नाथ, भाप्रसे (1982), अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक वि.क.अ.-सह-सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

(3) श्रीमती रश्मि अरूण शमी, भाप्रसे (1994), सचिव, ''कार्मिक'', मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक सामान्य प्रशासन विभाग का प्रसार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

(4) उक्त पदस्थापना आदेश दिनांक 1 सितम्बर, 2015 से प्रभावशील होगा.

भोपाल, दिनांक 2 सितम्बर 2015

क्र. ई-5-476-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 28 अगस्त 2015 द्वारा श्री दीपक खांडेकर, आयएएस., कमिश्नर, जबलपुर संभाग को दिनांक 14 से 26 सितम्बर 2015 तक तेरह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत करते हुए उनकी अवकाश अवधि में कमिश्नर, जबलपुर का प्रभार श्री एस. एन. रूपला, भाप्रसे कलेक्टर, जबलपुर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा गया है.

2. श्री एस. एन. रूपला, भाप्रसे के प्रशिक्षण पर रहने के फलस्वरूप श्री दीपक खांडेकर, आयएएस., कमिश्नर, जबलपुर संभाग की अवकाश अवधि में उनका प्रभार अब श्री एस.एन. रूपला के स्थान पर श्री संजय कुमार शुक्ला भाप्रसे, प्रबंध संचालक, म. प्र. पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, जबलपुर एवं पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, ऊर्जा विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2015

क्र. ई-5-851-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री एम. बी. ओझा, आयएएस., कलेक्टर, जिला विदिशा को दिनांक 2 से 4 सितम्बर 2015 तक तीन दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 5 एवं 6 सितम्बर 2015 के सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री एम. बी. ओझा की अवकाश अवधि में श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, राप्रसे, अपर कलेक्टर जिला विदिशा को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक कलेक्टर, जिला विदिशा का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री एम. बी. ओझा को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न कलेक्टर, जिला विदिशा के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री एम. बी. ओझा द्वारा कलेक्टर, जिला विदिशा का कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया कलेक्टर, जिला विदिशा के प्रभार से मुक्त होंगी.

(5) अवकाशकाल में श्री एम. बी. ओझा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एम. बी. ओझा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 4 सितम्बर 2015

क्र. ई-5-448-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती सुरंजना रे, आयएएस., अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल को दिनांक 19 से 23 अक्टूबर 2015 तक, पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 17, 18 अक्टूबर 2015 एवं 24, 25 अक्टूबर 2015 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्रीमती सुरंजना रे की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री एस. आर. मोहन्ती, भाप्रसे, अपर मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती सुरंजना रे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती सुरंजना रे द्वारा अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री एस. आर. मोहंती उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती सुरंजना रे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती सुरंजना रे अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

क्र. ई-5-532-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती सलीना सिंह, आयएएस., मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि (निर्वाचन) विभाग को दिनांक 7 से 11 सितम्बर 2015 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्रीमती सलीना सिंह की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री एस. एस. बंसल, भाप्रसे विकअ-सह-संयुक्त निर्वाचन पदाधिकारी तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (केवल निर्वाचन कार्य) विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती सलीना सिंह को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि (निर्वाचन) विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती सलीना सिंह द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि (निर्वाचन) विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री एस. एस. बंसल उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती सलीना सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती सलीना सिंह अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

क्र. ई-5-845-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री के. सी. जैन, आयएएस., अपर आयुक्त उज्जैन संभाग को समसंख्यक आदेश दिनांक 14 मई 2015 द्वारा दिनांक 18 से 30 मई 2015 तक, कुल तेरह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था, एतद्द्वारा निरस्त करते हुए अब उन्हें दिनांक 7 से 26 सितम्बर 2015 तक, कुल बीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 5, 6 एवं 27 सितम्बर 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री के. सी. जैन को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर आयुक्त, उज्जैन संभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री के. सी. जैन को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. सी. जैन अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अन्टोनी डिसा, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 03 सितम्बर 2015

क्र. एफ 3-4-2014-एक-4.—भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक 20-25-56-पब-एक, दिनांक 8 जून 1957 के साथ पढ़ी गई परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट) 1881 (1881 का क्रमांक-26) की धारा-25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 22 नवम्बर 2014 के अनुक्रम में जन्माष्टमी शनिवार दिनांक 5 सितम्बर, 2015 को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में सार्वजनिक अवकाश का दिन घोषित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संजय कुमार मिश्र, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 4 सितम्बर 2015

क्र. एफ 03-08-2015-एक-10.—राज्य शासन,, एतद्द्वारा माननीय न्यायमूर्ति श्री पी. पी. नावलेकर, लोकायुक्त, भोपाल को विदेश भ्रमण हेतु दिनांक 20 से 28 जुलाई 2015 तक, कुल नौ दिवस के अर्जित अवकाश स्वीकृति के साथ पश्चात्वर्ती राजपत्रित अवकाश दिनांक 18 एवं 19 जुलाई, 2015 को उक्त अवकाश के साथ जोड़े जाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाशकाल में माननीय लोकायुक्त न्यायमूर्ति श्री पी. पी. नावलेकर को अवकाश वेतन एवम् भत्ता, उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि माननीय न्यायमूर्ति श्री पी. पी. नावलेकर, यदि अवकाश पर नहीं जाते, तो वे अपने पद पर कार्य करते रहेंगे.

(4) इस संबंध में राज्य शासन द्वारा जारी विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 13 जुलाई 2015 को निरस्त किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राजेश कौल, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 20 अगस्त, 2015

क्र. ई-1-34-2014-5-एक.—भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग) की अधिसूचना क्रमांक सा.का.नि. 67(अ), दिनांक 28 जनवरी, 2014 द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियम, 1954 के नियम 7 में आवश्यक संशोधन करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की नियुक्तियों के संबंध में सिफारिश करने के लिए निम्नानुसार सिविल सेवा बोर्ड के गठन हेतु प्रावधानित किया

गया है:—

(i) मुख्य सचिव	अध्यक्ष
(ii) वरिष्ठतम अपर मुख्य सचिव अथवा अध्यक्ष, राजस्व बोर्ड या वित्त आयुक्त या समकक्ष पद या स्तर का कोई अधिकारी.	सदस्य
(iii) राज्य सरकार के कार्मिक विभाग में प्रधान सचिव या सचिव.	सदस्य-सचिव.

(2) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 31 मई, 2014 द्वारा गठित सिविल सेवा बोर्ड में राज्य शासन अब वरिष्ठतम अपर मुख्य सचिव श्रीमती अरूणा शर्मा, भाप्रसे (1982), वि.क.अ.-सह-विकास आयुक्त एवं पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सदस्य नामांकित करता है.

(3) उपरोक्तानुसार गठित सिविल सेवा बोर्ड के कार्यकरण एवं उसके द्वारा अपनायी जाने वाली प्रक्रिया भारत सरकार की उपरोक्त अधिसूचना दिनांक 28 जनवरी 2014 में विहित प्रावधानों के अनुरूप होगी.

भोपाल, दिनांक 24 अगस्त, 2015

क्र. ई-5-536-आयएएस-लीव-5-एक.—डॉ. एम. मोहनराव, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याया विभाग तथा विमुक्त घुमक्कड़, अर्ध घुमक्कड़ जाति कल्याण विभाग तथा वि.क.अ.-सह आयुक्त-सह संचालक, विमुक्त घुमक्कड़, अर्ध घुमक्कड़ जाति कल्याण एवं विकअ-सह-आयुक्त-, सामाजिक न्याय एवं विकअ-सह-संचालक विमुक्त घुमक्कड़, अर्ध घुमक्कड़ जाति कल्याण को समसंख्यक आदेश दिनांक 7 अगस्त 2015 द्वारा दिनांक 10 से 14 अगस्त 2015 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया है, में आंशिक संशोधन करते हुए अब उन्हें दिनांक 10 से 17 अगस्त 2015 तक आठ दिन का पुनरीक्षित/संशोधित अर्जित अवकाश दिनांक 8, 9 अगस्त 2015 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति सहित कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) समसंख्यक आदेश दिनांक 07 अगस्त 2015 की शेष कडिकाएं यथावत रहेंगी.

भोपाल, दिनांक 28 अगस्त, 2015

क्र. ई-5-570-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री अजीत केसरी, भाप्रसे प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग को दिनांक 19 से 20 अगस्त 2015 तक दो दिन तथा दिनांक 22 अगस्त 2015 को एक दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री अजीत केसरी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अजीत केसरी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
फजल मोहम्मद, अवर सचिव "कार्मिक".

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 28 अगस्त, 2015

क्र. एफ 1(ए)331-85-ब-2-दो.—श्रीमती रीना मित्रा, भा.पु.से., विशेष पुलिस महानिदेशक, (महिला अपराध एवं अजाक) पुलिस मुख्यालय, भोपाल को आवश्यक कार्य होने के कारण दिनांक 16 से 21 जुलाई 2015 तक, छः दिवस अर्जित अवकाश उपभोग पश्चात् कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की जावे एवं दिनांक 3 से 7 अगस्त 2015 तक पांच दिवस अर्जित अवकाश एवं दिनांक 2, 8 एवं 9 अगस्त 2015 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्रीमती रीना मित्रा, भा.पु.से., के अवकाश अवधि में उनका कार्य श्रीमती अरूणा मोहन राव, भा.पु.से., अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (महिला अपराध) पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती रीना मित्रा, भा.पु.से., को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न विशेष पुलिस महानिदेशक, (महिला अपराध एवं अजाक) पु.मु., भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती रीना मित्रा, भा.पु.से., विशेष पुलिस महानिदेशक, (महिला अपराध एवं अजाक) पुलिस मुख्यालय, भोपाल के कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती रीना मित्रा, भा.पु.से., को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती रीना मित्रा, भा.पु.से., उक्त अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर बनी रहतीं.

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2015

क्र. एफ 1(ए)95-99-ब-2-दो.—श्री सोलोमन यशकुमार मिंज, भा.पु.से. पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, जबलपुर को आवश्यक कार्य हेतु दिनांक 1 से 10 सितम्बर 2015 तक दस दिवस अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री सोलोमन यशकुमार मिंज, भा.पु.से. की अवकाश अवधि में इनका चालू कार्य श्री डी. श्रीनिवास राव, भा.पु.से. पुलिस महानिरीक्षक, जबलपुर जोन जबलपुर, द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री सोलोमन यशकुमार मिंज, भा.प.से. को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, जबलपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री सोलोमन यशकुमार मिंज, भा.पु.से. द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री सोलोमन यशकुमार मिंज, भा.पु.से., को अवकाश वेतन तथा भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सोलोमन यशकुमार मिंज, भा.पु.से. उक्त अवकाश नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 4 सितम्बर 2015

क्र. एफ 1(ए)120-93-ब-2-दो.—श्री के. बाबूराव, भा.पु.से. पुलिस महानिरीक्षक, शहडोल, जोन शहडोल, को स्वास्थ्य परीक्षण कराने एवं घरेलू कार्य हेतु दिनांक 14 से 18 सितम्बर 2015 तक पांच दिवस अर्जित अवकाश दिनांक 12-13, 19-20 सितम्बर, 2015 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री के. बाबूराव, भा.पु.से. की अवकाश अवधि में इनका चालू कार्य श्री डी. श्रीनिवास वर्मा, भा.पु.से. पुलिस महानिरीक्षक, रीवा जोन रीवा, द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री के. बाबूराव, भा.प.से. को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, शहडोल जोन शहडोल, के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री के. बाबूराव, भा.पु.से. द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री के. बाबूराव, भा.पु.से., को अवकाश वेतन तथा भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. बाबूराव, भा.पु.से. उक्त अवकाश नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कमला उपाध्याय, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 21 अगस्त 2015

फा. क्र. 17 (ई) 8-2012-1969-इक्कीस-ब(एक).—मध्यप्रदेश विशेष न्यायालय नियम, 2012 के नियम 8 के उपनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के परामर्श से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 17(ई)8-2012-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 2 मार्च, 2012 में जो मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 2 मार्च, 2012 को प्रकाशित हुई थी, एतद्द्वारा निम्नलिखित संशोधन करता है:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, अनुक्रमांक 3 और 7 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं:—

सारणी

अनुं.	प्राधिकृत अधिकारी का नाम	मुख्यालय का नाम	अधिकारिता
(1)	(2)	(3)	(4)
3	श्री ओमकार नाथ, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, जबलपुर.	जबलपुर	राजस्व जिला सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, सतना, उमरिया, डिण्डोरी, शहडोल तथा अनूपपुर का समाविष्ट क्षेत्र.
7	श्री कमल जोशी, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, इंदौर.	इंदौर	राजस्व जिला देवास, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, मंदसौर, नीमच और धार का समाविष्ट क्षेत्र.

F. No. 17(E)8-2012-1969-XXI-B(One).—In exercise of the powers conferred by Sub-rule (1) of Rule 8 of the Madhya Pradesh Vishesh Nyayalaya Niyam, 2012, the State Government, in consultation with the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes following amendment in this Department's Notification F. No. 17(E)8-2012-XXI-B(one) dated 02nd March, 2012, which was publisched in the Madhya Pradesh Gazette (Extra-ordinary) dated 2nd March 2012:—

AMENDMENT

In the said Notification, for serial no. 3 & 7 and entries relating thereto, the following serial number and entries relating thereto, shall be substituted, namely:—

TABLE

S. No.	Name of Authorized Officer	Place of Headquater	Jurisdiction
(1)	(2)	(3)	(4)
3	Shri Omkar Nath, IInd Additional Sessions Judge, Jabalpur.	Jabalpur	Area comprising of Revenue Districts Sagar, Damoh, Panna, Chhatarpur, Tikamgarh, Satna, Umaria, Dindori, Shahdol & Anoppur.
7	Shri Kamal Joshi, IInd Additional Sessions Judge, Indore.	Indore	Area comprising of Revenue Districts, Dewas, Ratlam, Shajapur, Ujjain, Mandsaur, Neemuch and Dhar.

फा. क्र. 17 (ई) 83-03-इक्कीस-ब(एक)-1970-2015.—विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का संख्यांक 36) की धारा 153 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 17(ई) 83-03-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 16 सितम्बर, 2010 में, जो कि मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1 में दिनांक 24 सितम्बर 2010 में प्रकाशित की गई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 92 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

सारणी

अनुक्रमांक	सिविल जिले का नाम	विशेष न्यायालय का नाम	विशेष न्यायालय के न्यायाधीश का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
92	शहडोल	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, ब्यौहारी	श्री सी. पी. वर्मा, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, ब्यौहारी.

